किए जाने के लिए राष्ट्रीय यातायात नीति समिति द्वारा वर्ष 1984 में की गई सिफारिशों पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ;

(ख) क्या इन प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में राज्य सरकार की ओर से संबंधित जानकारी सरकार को नवम्बर, 1985 में प्राप्त हो गई थी; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इन सात राजमार्गों को कब तक राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का विचार रखती है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) से (ग) : हालांकि राज्य सरकार विभिन्न अवसरों पर प्रश्नगत सड़कों सहित कुछेक राज्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित किए जाने की आवश्यकता परियोजित करती रही है लेकिन राष्ट्रीय परिवहन नीति समिति द्वारा अनुशंसित शेष सात राजमार्गों को मुख्यतः निधियों के अभाव के कारण, राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में शामिल नहीं किया जा सका। तथापि, आठवीं योजना में केन्द्रीय क्षेत्र की सड़कों के लिए निर्धारित अल्प आबंटन के कारण इस स्तर पर इन प्रस्तावों पर विचार कर पाना कठिन है ।

गुजरात में सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाना

1551. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान गुजरात में किसी सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) जी नहीं ।

(ख) नए राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा कई बातों पर निर्भर करती है जैसे, राष्ट्रीय परिवहन नीति समिति की सिफारिशें, अखिल भारतीय आधार पर प्रत्येक सड़क की पारस्परिक प्राथमिकता, नए राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए निर्धारित मानदण्डों की पूर्ति तथा इस उद्देश्य के लिए निधियों की उपलब्धता, इत्यादि । तथापि अत्यधिक वित्तीय कमी के कारण गुजरात सहित अधिकतर राज्यों में नए राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा करना संभव नहीं हो पाया है ।

Construction of National Highway from Kanyakumari to Calcutta

1552. SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN : Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state :

(a) whether any proposal is under Government's consideration to construct a National Highway from Kanyakumari to Calcutta along the coast;

(b) if so, the present stage of the proposal; and

(c) if not, whether Government propose to consider such a proposal in near future for construction of such a National Highway along the coast of Tamil Nadu, Andhra, Orissa ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) At present, it is difficult to consider proposal of declaration of any National Highway in the country including the Highway along the coast of Tamil Nadu, Andhra Pradesh & Orissa till the outlay for Central Sector roads for the 8th Plan is enhanced at the time of mid-term review of the Plan.